Dainik Bhaskar Edition Bhopal
26.2.2017 Page 18
Height 11.01cm Width 12.73 cm

आधार ने मिलाया | पिता के डांटने पर चला गया था, बोल नहीं पाता था दिनेश

आधार बनाते ही मिला पता, चार माह बाद दिव्यांग दिनेश पहुंचेगा अपने घर

भास्कर न्यूज | राजगढ़

आधार कार्ड ने गुम हुए एक बेटे को परिवार से मिला दिया। 4 माह पहले राजगढ़ जिले का रहने वाला 13 वर्षीय दिव्यांग दिनेश पिता की डांट के बाद कोटा स्टेशन से भाग गया था। वहां से होता हुआ वह इटारसी पहुंच गया। लावारिस अवस्था में वह एक एनजीओ कार्यकर्ताओं को मिला। लिख-बोल न पाने की वजह से उसके परिजनों का पता नहीं चल पा रहा था। कुछ दिनों पहले एनजीओ ने दिनेश के आधार कार्ड के लिए एप्लाई किया। जब उसके अंगूठे के निशान लिए गए तो पता चला कि उसका आधार पहले से बना है। जिसके अनुसार, उसका पता राजगढ़ के हिनोती गांव का था। शनिवार को एनजीओ ने भास्कर कार्यालय आकर बालक के परिजनों का पता लगाने में मदद मांगी। इसके बाद उसके परिजनों को खोजा गया।

तीनों भाई-बहन साफ नहीं बोल पाते हैं : दिनेश की मां हीराबाई ने बताया कि दिनेश सहित उसके तीनों बच्चे साफ नहीं बोल पाते हैं। 1 अक्टूबर 2016 को कोटा गए दिनेश पर नाराज पिता मोहनलाल ने हाथ उठा दिया था। तब से वह गायब था।

इटारसी में लावारिस हालात में मिला दिनेश

जीवोदय आर्गेनाइजेशन समन्वयक सिस्टर टेलक्लारा ने बताया कि दिनेश 24 अक्टूबर को इटारसी स्टेशन पर लावारिश हालत में मिला था। उसे बाल कल्याण समिति में पेश किया। आर्गेनाइजेशन को देखभाल का जिम्मा मिला। दिनेश के मुंह से राजगढ़, कोटे जैसे शब्द सुनकर आर्गेनाइजेशन की टीम ने राजगढ़ व गुना आकर उसके मां बाप को तलाशा भी, मगर बात नहीं बनी।

दिनेश को लाने भेज रहे हैं टीम

दिनेश के परिजनों का पता भास्कर ने लगा लिया है। उसे लेने पुलिस की एक टीम इटारसी भेज रहे हैं। एक-दो दिन में उसे लाकर परिजनों को सौंप देंगे।
हिमानी खन्ना, एसपी, राजगढ़